दिनांक 30.04.2021
प्रेस विज्ञप्ति 30/21

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद फिरोजाबाद/थाना एका

- **03 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **लगभग 05 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 15 कुन्तल 75 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **01 ट्रक आदि बरामद**

दिनांक 29.04.2021 को थाना एका व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर फरीदाबाद मोड़ पर चेकिंग के दौरान 03 मादक पदार्थ तस्करों 1–नेपाल 2–विनय कुमार 3–प्रेमशंकर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 15 कुन्तल 75 किलोग्राम अवैध गांजा व 01 ट्रक आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना एका पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–नेपाल निवासी ग्राम पचपैरा थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस।

2–विनय कुमार निवासी ग्राम नगला भूड़ा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

3–प्रेमशंकर निवासी धनियां थाना पिलुआ जनपद एटा।

बरामदगी

1–लगभग 05 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 15 कुन्तल 75 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–01 ट्रक आदि।

जनपद सिद्धार्थनगर/थाना चिल्हिया

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 61 लाख रूपये कीमत की 1050 पेटी अवैध शराब**
- **01 ट्रक आदि बरामद**

दिनांक 29.04.2021 को थाना चिल्हिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धेन्सा पेट्रोल पम्प के पास से चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों 1–हरिभजन 2–जयप्रकाश 3–परवेज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 61 लाख रूपये कीमत की 1050 पेटी अवैध शराब, 01 ट्रक आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना चिल्हिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–हरिभजन निवासी लोगढ थाना जिरकपुर जनपद मोहाली (पंजाब)

2–जयप्रकाश निवासी लकड़ी दरगाह थाना बढ़हरिया जनपद सीवान (बिहार)

3–परवेज निवासी गढ़ी थाना खरखोदा जनपद सोनीपत (हरियाणा)

बरामदगी

1–लगभग 61 लाख रूपये कीमत की 1050 पेटी अवैध शराब,

2– 01 ट्रक आदि।

जनपद बाराबंकी/थाना सफदरगंज

- **अभियुक्त गिरफ्तार**
- **06 किलो 500 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बुरादा बरामद**

दिनांक 30.04.2021 को थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम किठूरी से अभियुक्त अनीस को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 06 किलो 500 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बुरादा बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अनीस निवासी ग्राम किठूरी थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी।

बरामदगी

1–06 किलो 500 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बुरादा

––––––